वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 3602 / गोप0 / बी.एड. / 23 दिनांक: 16.03.2023

सेवा में,

प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।
जनपद–आजमगढ़ एवं मऊ (उ0प्र0)।

विषय :– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर 2022–23 में पंजीकृत छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ द्वारा नामित परीक्षक से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदया के आदेश दिनांकः 15.03.2023 के अनुपालन में अवगत कराना है कि बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर 2022–23 के जो परीक्षार्थी वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से पंजीकृत होकर परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, उनकी प्रायोगिक परीक्षा महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ द्वारा नामित परीक्षक से कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से छात्रों को सूचित करते हुए उन्हें परीक्षा में सम्मिलित कराने का कष्ट करें। किसी भी छात्र की परीक्षा छूट जाने पर पुनः परीक्षा कराने की कोई व्यवस्था नहीं है। निर्धारित तिथि को परीक्षा में सम्मिलित न होने पर छात्र एवं महाविद्यालय उत्तरदायी होंगे, परीक्षा के उपरान्त सम्बन्धित परीक्षार्थियों का अंकपर्ण दो प्रतियों में इस विश्वविद्यालय को प्राप्त कराने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्तअधिकारी जी।
2. कुलसचिव, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
3. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)